# छठ घाटों की साफ-सफाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी

## छठ घाटों की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर करने के निर्देश



**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मानगो नगर निगम अंतर्गत सभी छठ घाटों में साफ-सफाई का कार्य प्रगति पर है. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने सभी घाटों की साफ सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर करने का निर्देश दिया है. वर्कर्स कॉलेज छठ घाट, चाणक्यपुरी, ईटिक वेल छठ घाट, वैकुंठनगर, वास्तु विहार, लाल जी खटाल, साईं सूरज आश्रम, गौर बस्ती, शांति नगर, लक्ष्मण नगर, श्याम नगर ,रामनगर, खड़िया बस्ती आदि सभी छठ घाटों में साफ सफाई पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है. बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय निगम क्षेत्र के छठ घाटों का निरीक्षण कर अब तक के कार्यों का जायजा लेंगे. निगम के छठ घाटों में पर्याप्त संख्या में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के लाभुकों को सफाई कार्य में लगाया गया है.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार